NEWS CLIPPING: 05.06.2020

HINDUSTAN

'भरोसा हेल्पलाइन' से छात्रों को सवालों के जवाब देंगे

फरीदाबाद | **कार्यालय संवाददाता**

कोरोना वायरस महामारी के मद्देनजर छात्रों की काउंसलिंग और उनकी शिकायतों के निवारण के लिए जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए 'भरोसा हेल्पलाइन' सेवा शुरू की है। फरीदाबाद के डीन स्टूडेंट वेलफेयर कार्यालय की ओर से शुरू की गई योजना के तहत छात्र हेल्पलाइन नम्बर 9818107139 पर फोन कर सकते हैं।

हेल्पलाइन नंबर जारी करते हुए कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने बताया कि कोरोना वायरस महामारी के बीच छात्रों को पढ़ाई, परीक्षा और भविष्य को लेकर कई प्रकार की चिंताएं हो सकती है। इस तरह की दुविधाओं के समाधान और मानसिक तनाव को दूर करने के लिए स हेल्पलाइन शुरू की है। कुलसचिव डॉ. एसके गर्ग ने बता या कि हेल्पलाइन को डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. लखविन्दर सिंह और डिप्टी डीन डॉ. सोनिया की देखरेख में संचालित किया जाएगा। कार्यदिवस के दौरान छात्र इसपर संपर्क कर सकते हैं। इसके साथ ही छात्र प्रशासन की ओ से जारी ईमेल helplinedswymca@gmail.com पर भी जानकरी पा सकते हैं। छात्रों को अपना नाम, रोल नंबर, संपर्क नंबर और कक्षा की जानकारी देनी होगी।

इस हेल्पलाइन के जरिये छात्रों को काफी मदद मिलेगी। वे अपनी कई समस्याओं का समाधान यहां पर आकर कर सकते हैं, ताकि उन्हें किसी तरह की दिक्कत न हो।

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

NEWS CLIPPING: 05.06.2020

THE PIONEER

जेसी बोस ने शुरू की हेल्पलाइन सेवा

फरीदाबाद। कोरोना वायरस महामारी के मद्देनजर विद्यार्थियों को मानसिक स्वस्थ्य संबंधी परामर्श एवं उनकी समस्याओं के निवारण के लिए जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के डीन स्टूडेंट वेलफेयर कार्यालय द्वारा 'भरोसा' हेल्पलाइन सेवा शुरू की है। इस सेवा का लाभ विद्यार्थी हेल्पलाइन नम्बर 9818107139 पर कॉल करके उठा सकते है। हेल्पलाइन नम्बर जारी करते हुए कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने बताया कि कोरोना वायरस महामारी के कारण अनिश्चिताओं का माहौल है और ऐसे समय में विद्यार्थियों को अपनी पढ़ाई, परीक्षा और भविष्य को लेकर कई प्रकार की चिंताएं हो सकती है जोकि स्वाभाविक है और यह चिंता उनके मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित कर सकती है। उन्होंने कहा कि हेल्पलाइन को शुरू करने का उद्देश्य विद्यार्थियों से निकटतम जुड़ाव पैदा करना है ताकि विद्यार्थी अपनी समस्याओं को रख सके और समाधान पा सके।

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

NEWS CLIPPING: 05.06.2020

AMAR UJALA

छात्रों के लिए शुरू की 'भरोसा' हेल्पलाइन सेवा

अमर उजाला ब्यूरो

फरीदाबाद। कोरोना वायरस महामारी के मद्देनजर विद्यार्थियों को मानसिक स्वास्थ्य संबंधी परामर्श और उनकी समस्याओं के निवारण के लिए जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए के डीन स्टूडेंट वेलफेयर कार्यालय द्वारा 'भरोसा' हेल्पलाइन सेवा शुरू की है। इस सेवा का लाभ विद्यार्थी हेल्पलाइन नंबर 9818107139 पर कॉल करके उठा सकते हैं।

कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने बताया कि हेल्पलाइन को शुरू करने का उद्देश्य विद्यार्थियों से निकटतम जुड़ाव पैदा करना है, जिससे विद्यार्थी अपनी समस्याओं को रख सके और समाधान पा सके। कुलसचिव डॉ. एसके गर्ग ने डीन स्टूडेंट वेलफेयर कार्यालय के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस हेल्पलाइन सेवा को प्रभावी बनाया जाए, जिससे जरूरी सूचनाओं को लेकर विद्यार्थियों को परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने बताया कि इस हेल्पलाइन को डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. लखविंदर सिंह और डिप्टी डीन डॉ. सोनिया की देखरेख में संचालित किया गया है। इसके अलावा, विद्यार्थी अपनी समस्याओं को ईमेल द्वारा helplinedswymca@gmail.com पर भी दर्ज करवा सकते हैं। ईमेल के माध्यम से भेजी जाने वाली समस्याओं के साथ विद्यार्थियों को अपना नाम, रोल नंबर, संपर्क नंबर और कक्षा का उल्लेख भी करना अनिवार्य है।